भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**लिखित प्रश्न सं. 3008**

जिसका उत्तर 04.08.2022 को दिया जाना है

**ड्राइविंग प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान**

3008. श्री सी. एन. अन्नादुरई:
श्री धनुष एम. कुमार:
श्रीमती मंजुलता मंडल:
श्री जी. सेल्वम:
श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले:
श्री कुलदीप राय शर्मा:
श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे:
श्री डी. एन. वी. सेंथिलकुमार एस.:
डॉ. पोन गौतम सिगामणि:
डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे:
डॉ. सुभाष रामराव भामरे:
श्री गजानन कीर्तिकर:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) तमिलनाडु, महाराष्ट्र और अंडमान और निकोबार द्वीप सहित देश में राज्य / संघ राज्य क्षेत्र-वार किन-किन स्थानों में ड्राइविंग प्रशिशण और अनुसंधान संस्थान (आईडीटीआर) स्थित हैं;

(ख) क्या सरकार देश के विभिन्न राज्यों में ऐसे और संस्थान खोलने में असमर्थ रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं और इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं;

(ग) उपर्युक्त राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों सहित देश में ऐसे संस्थान की स्थापना के लिए चिह्नित किए गए स्थानों का राज्य / संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार इस योजना को लागू करने के लिए राज्य सरकारों को वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ड.) क्या सरकार के पास इस प्रयोजन हेतु राज्यों को स्वीकृत निधियों के उपयोग पर रोक लगाने के लिए कोई तंत्र है;

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और किन-किन राज्यों को उक्त निधि का दुरुपयोग करते पाया गया है और उनके विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है; और

(छ) क्या सरकार ने देश में क्षेत्रीय ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र भी स्थापित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस उद्देश्य हेतु कितना वित्तीय आवंटन किया गया है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा अपनी योजना के तहत आईडीटीआर की स्थापना के लिए उन स्थानों का विवरण जहां ड्राइविंग प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (आईडीटीआर) को मंजूरी दी गई है, अनुबंध-I में दिया गया है।

(ख) सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने राज्य में पहले से स्वीकृत आईडीटीआर सहित प्रति 5 करोड़ आबादी पर एक आईडीटीआर मानदंड पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में अधिक आईडीटीआर स्थापित करने के लिए 15वें वित्त आयोग चक्र अवधि के दौरान योजना को जारी रखा है। जनसंख्या मानदंड के अनुसार, 6 राज्य

अर्थात् बिहार, गुजरात, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल राज्य 15वें वित्तीय आयोग की अवधि के दौरान नए आईडीटीआर (ओं) की स्थापना के लिए अर्हता रखते हैं।

(ग) इस योजना के तहत प्रस्ताव संबंधित राज्य सरकार द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के साथ एमओआरटी एंड एच को प्रस्तुत किया जाता है जिसमें योजना के तहत प्रावधानों के अनुसार आईडीटीआर की स्थापना के लिए प्रस्तावित भूमि का विवरण शामिल होता है।

(घ) एमओआरटीएच पूंजी निवेश के 100% की एकमुश्त सहायता प्रदान करता है, जो कि निम्नलिखित ब्यौरों के अनुसार अधिकतम 17.25 करोड़ रु. प्रति आईडीटीआर है:
i. सिविल निर्माण: 14 करोड़ रु.
ii. कार्यालय और कार्यशाला उपकरण: 0.75 करोड़ रु.
iii. वाहन और सिम्युलेटर: 2.50 करोड़ रु.

(ङ) और (च) इस योजना में परियोजना के कार्य की भौतिक प्रगति के अनुसार किश्तों में वित्तीय सहायता जारी करने का प्रावधान है। यह योजना स्वीकृत केंद्रीय सहायता के 20% के बराबर राशि को मोबिलाइज़ेशन अग्रिम के रूप में जारी करने का प्रावधान करती है और बाद की किश्तों को उपयोग प्रमाण पत्र और पिछली किस्त के कार्य की भौतिक प्रगति प्राप्त होने पर जारी किया जाता है। स्वीकृत वित्तीय सहायता के 15% के बराबर की अंतिम किश्त परियोजना के पूरा होने और उपयोगिता प्रमाण पत्र और समापन रिपोर्ट की प्राप्ति के बाद प्रतिपूर्ति के रूप में जारी की जाती है। योजना के तहत निधियों के दुरूपयोग का मामला मंत्रालय के संज्ञान में नहीं लाया गया है।

(छ) सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने प्रति 2.50 करोड़ जनसंख्या पर एक आरडीटीसी के मानदंड के साथ 15वें वित्त आयोग चक्र अवधि के दौरान क्षेत्रीय ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र (आरडीटीसी) की स्थापना की योजना को भी जारी रखा है। इस योजना के तहत, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय एक आरडीटीसी के लिए अधिकतम 5.50 करोड़ रुपये के अध्यधीन पूंजी निवेश के 100% की एकमुश्त सहायता प्रदान करता है। एमओआरटीएच ने 6 आरडीटीसी को मंजूरी दी है और योजना के तहत 3 अन्य आरडीटीसी के लिए 'सैद्धांतिक' अनुमोदन जारी किया है। इसका विवरण अनुबंध-II में दिया गया है।

**अनुबंध-I**

**'ड्राइविंग प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान' के संबंध में श्री सी. एन. अन्नादुरई और अन्य द्वारा पूछे गए दिनांक 04.08.2022 के लोक सभा लिखित प्रश्न सं. 3008 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा संस्वीकृत आईडीटीआर की राज्य-वार सूची**

| क्र. सं. | राज्य | स्थान (जिले में) |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | विजयवाड़ा |
| 2 | आंध्र प्रदेश | दासरी |
| 3 | आंध्र प्रदेश | धोन, कुरनूल |
| 4 | असम | गुवाहाटी |
| 5 | बिहार | औरंगाबाद |
| 6 | छत्तीसगढ | नया रायपुर |
| 7 | दिल्ली | सराय काले खां |
| 8 | हरियाणा | भिवानी |
| 9 | हरियाणा | रोहतक |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | मंडी |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | सरकाघाट |
| 12 | जम्मू और कश्मीर | जम्मू |
| 13 | झारखंड | जमशेदपुर |
| 14 | कर्नाटक | बेल्लारी |
| 15 | केरल | इडप्पा |
| 16 | मध्य प्रदेश | छिंदवाड़ा |
| 17 | मध्य प्रदेश | इंदौर |
| 18 | महाराष्ट्र | पुणे |
| 19 | महाराष्ट्र | लातूर |
| 20 | महाराष्ट्र | नागपुर |
| 21 | मणिपुर | इंफाल |
| 22 | नागालैंड | दीमापुर |
| 23 | उड़ीसा | जयपोर |
| 24 | राजस्थान | राजसमंद |
| 25 | सिक्किम | पाक्योंग |
| 26 | तेलंगाना | करीमनगर |
| 27 | त्रिपुरा | अगरतला |
| 28 | उत्तर प्रदेश | कानपुर |
| 29 | उत्तर प्रदेश | रायबरेली |
| 30 | उत्तराखंड | देहरादून |
| 31 | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |

**अनुबंध-II**

**‘ड्राइविंग प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान’ के संबंध में श्री सी. एन. अन्नादुरई और अन्य द्वारा पूछे गए दिनांक 04.08.2022 के लोक सभा लिखित प्रश्न सं. 3008 के भाग (छ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

**(i) स्वीकृत आरडीटीसी का विवरण:**

| क्र.सं. | राज्य | स्थान (जिले में) |
|---|---|---|
| 1 | महाराष्ट्र | वर्धा |
| 2 | महाराष्ट्र | नंदेड़ |
| 3 | महाराष्ट्र | अमरावती |
| 4 | महाराष्ट्र | नागपुर |
| 5 | राजस्थान | अजमेर |
| 6 | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |

**(ii) "सैद्धांतिक रूप से" स्वीकृत आरडीटीसी का विवरण:**

| क्र.सं. | राज्य | स्थान (जिले में) |
|---|---|---|
| 1 | महाराष्ट्र | यवतमाल |
| 2 | राजस्थान | हनुमानगढ़ |
| 3 | मध्य प्रदेश | छतरपुर |

*****